www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. कंकाल के वे हिस्से, जो हड्डियों की तरह सख्त नहीं होते हैं और जो मोड़े जा सकते हैं, वे हैं

(A) वर्टिब्रे

(B) कार्पल्स

(C) कार्टिलेज

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

2. लाइकेन में, एक क्लोरोफिल-युक्त पार्टनर, ______ एक-साथ रहते हैं।

(A) शैवाल और कवक

(B) कवक और बैक्टीरिया

(C) शैवाल और वायरस

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

3. मादा एनोफिलीज को मादा क्यूलेक्स से अलग किया जा सकता है क्योंकि यह बैठती है

(A) अधःस्तर की सतह के समकोण पर

(B) अधःस्तर के साथ एक कोण पर

(C) अधःस्तर की सतह के समानांतर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

4. शरीर की प्रतिरोधक क्षमता से जुड़ा सबसे महत्त्वपूर्ण कोशिका प्रकार है

(A) आर० बी० सी०

(B) प्लेटलेट

(C) लिम्फोसाइट

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

5. मानव शरीर की मांसपेशियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

(A) मांसपेशियाँ केवल हड्डी को धक्का दे सकती हैं।

(B) मांसपेशियाँ जोड़े में काम करती हैं।

(C) सिकुड़ने पर मांसपेशियाँ छोटी, सख्त और मोटी हो जाती हैं।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

6. 20 से० मी० फोकस दूरी के एक उत्तल लेंस की सतह पर सफेद घोड़े का प्रतिबिम्ब बनाने के लिए बड़ी संख्या में काले रंग की पतली पट्टियाँ बनाई जाती हैं। वह प्रतिबिम्ब कैसा होगा?

(A) कम चमक वाला एक घोड़ा

(B) काली पट्टियों का एक ज़ेबरा

(C) काली पट्टियों का एक घोड़ा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

7. ध्वनि की तीक्ष्णता किसके द्वारा निर्धारित की जाती है?

(A) ध्वनि का वेग

(B) ध्वनि का आयाम

(C) ध्वनि का तरंगदैर्घ्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

8. निम्नलिखित में से कौन-सा फोटो-इलेक्ट्रिक उपकरण डिजिटल अनुप्रयोगों के लिए सबसे उपयुक्त है?

(A) फोटो-डायोड

(B) फोटो-वोल्टिक सेल

(C) फोटो-उत्सर्जक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

9. बॉल बेयरिंग का उपयोग स्थैतिक घर्षण को निम्नलिखित में से किसमें परिवर्तित करने के लिए किया जाता है?

(A) रोलिंग घर्षण

(B) कर्षण (ड्रैग)

(C) सर्पी घर्षण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**10.** फुटबॉल के खेल में एक गोलकीपर फुटबॉल को गोल में पकड़ने के बाद अपने हाथों को पीछे की ओर खींचता है। यह गोलकीपर को किस प्रकार सक्षम बनाता है?

(A) संवेग परिवर्तन की दर को कम करने में

(B) फुटबॉल पर अधिक बल लगाने में

(C) फुटबॉल द्वारा हाथों पर लगाए गए बल को बढ़ाने में

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक रेडियोधर्मी तत्त्व द्वारा उत्सर्जित धनात्मक रूप से आवेशित कण है?

(A) कैथोड किरण

(B) बीटा किरण

(C) अल्फा किरण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** केन्द्राभिमुखी बल किसके लिए जिम्मेदार है?

(A) अंतरिक्ष में वस्तु की स्वतंत्र गति

(B) वस्तु को वृत्ताकार पथ पर गतिमान रखना

(C) वस्तु को सीधी रेखा के साथ उड़ाना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13.** निम्नलिखित में से किस ऊर्जा परिवर्तन में घर्षण बल शामिल होता है?

(A) गतिज ऊर्जा से ऊष्मा ऊर्जा

(B) स्थितिज ऊर्जा से ध्वनि ऊर्जा

(C) रासायनिक ऊर्जा से ऊष्मा ऊर्जा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** एक बस सीधे रास्ते पर चल रही है और अचानक दाईं ओर एक तेज मोड़ लेती है। बस में बैठे यात्री

(A) दाईं ओर झुकेंगे

(B) आगे की ओर गिरेंगे

(C) बाईं ओर झुकेंगे

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** एक संगीत कार्यक्रम में ऑर्केस्ट्रा बजाने से पहले, एक सितार-वादक तनाव को समायोजित करने की कोशिश करता है और स्ट्रिंग को उपयुक्त रूप से बाँधता है। ऐसा करके वह क्या ठीक करने की कोशिश करता है?

(A) अन्य वाद्य यंत्रों की आवृत्ति के साथ सितार स्ट्रिंग की आवृत्ति

(B) ध्वनि का आयाम

(C) ध्वनि की तीव्रता

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**16.** पदार्थ के एक रूप का कोई निश्चित आकार नहीं होता है, लेकिन इसका एक निश्चित आयतन होता है। पदार्थ के इस रूप का एक उदाहरण है

(A) कार्बन स्टील

(B) क्रिप्टन

(C) मिट्टी का तेल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** कुछ धातु ऑक्साइड अम्ल और क्षार के साथ अभिक्रिया कर नमक और पानी बनाते हैं। इन्हें उभयधर्मी ऑक्साइड कहते हैं। उभयधर्मी ऑक्साइड के उदाहरण हैं

(A) CuO और ZnO

(B) $Al_2O_3$ और ZnO

(C) $Al_2O_3$ और CuO

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** कौन-सी गैस अपने ग्रीनहाउस प्रभाव से ग्लोबल वॉर्मिंग में योगदान करती है?

(A) कार्बन डाइऑक्साइड

(B) नाइट्रस ऑक्साइड

(C) मीथेन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19.** अम्ल धातु कार्बोनेट से अभिक्रिया कर ______ गैस मुक्त करते हैं।

(A) $H_2$

(B) $CO_2$

(C) CO

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** HOOCCOOH को कौन-सा अम्ल कहा जाता है?

(A) कार्बोनिक अम्ल

(B) ऑक्सेलिक अम्ल

(C) ऐसीटिक अम्ल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** आपको तीन परखनलियाँ दी गई हैं। उनमें से एक में आसुत जल है और अन्य दो में से एक में अम्लीय विलयन तथा दूसरे में क्षारीय विलयन है। इनमें से किसमें लाल लिटमस नीला हो जाएगा?

(A) आसुत जल

(B) अम्ल

(C) क्षार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** ऐसीटिक अम्ल की गंध किसके समान होती है?

(A) सिरका

(B) टमाटर

(C) मिट्टी का तेल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

304938

**23.** शुष्क HCl गैस, शुष्क लिटमस पत्र का रंग क्यों **नहीं** बदलती?

(A) HCl गैस निर्जलीकरण एजेंट के रूप में कार्य करती है।

(B) सूखी HCl गैस की उपस्थिति में नीला लिटमस सूख जाता है।

(C) कोई $H_3O^+$ आयन मौजूद नहीं होंगे। लिटमस केवल $H_3O^+$ आयन की उपस्थिति में रंग बदलता है।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** विषम का पता लगाइए।

(A) फल का पकना

(B) सीमेंट की सेटिंग

(C) कोयले का जलना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**25.** हीरे और ग्रेफाइट के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

(A) उनकी विद्युत् चालकता समान होती है।

(B) उनके पास समान क्रिस्टल संरचना है।

(C) उनके पास समान डिग्री की कठोरता है।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**26.** किसमें परिवर्तन के कारण रंध्र खुलते या बंद होते हैं?

(A) कोशिकाओं में न्यूक्लियस की स्थिति

(B) कोशिकाओं की प्रोटीन संरचना

(C) कोशिकाओं में पानी की मात्रा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**27.** क्लोरोफिल सूर्य के प्रकाश के ______ तरंगदैर्घ्य को अवशोषित करता है।

(A) लाल और नीले

(B) हरे और नीले

(C) हरे और लाल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सा मेल सही **नहीं** है?

(A) पर्णवृंत : पत्ती को तने से जोड़ता है

(B) आधार के पास शाखाओं के साथ मोटा, कठोर तना : पेड़

(C) कमजोर तना जो सीधा खड़ा नहीं हो सकता : लता

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**29.** सक्शन पुल के कारण पेड़ों में पानी बहुत ऊँचाई तक पहुँच जाता है, जिसका कारण है

(A) वाष्पीकरण

(B) अवशोषण

(C) वाष्पोत्सर्जन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**30.** निम्नलिखित में से कौन-सा क्लोरोप्लास्ट का एक लक्षण है, जो उसे स्व-प्रतिकृति के योग्य बनाता है?

(A) डी॰ एन॰ ए॰ और आर॰ एन॰ ए॰ दोनों की उपस्थिति

(B) केवल डी॰ एन॰ ए॰ की उपस्थिति

(C) आर॰ एन॰ ए॰ की अनुपस्थिति

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**31.** शब्द 'DIARY' के अक्षरों से कितने शब्द बनाए जा सकते हैं, चाहे उनके अर्थ हों या ना हों?

(A) 24

(B) 5

(C) 10

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**32.** दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या को चुनिए :

| | | |
|---|---|---|
| 44 | 49 | 37 |
| 52 | ? | 41 |
| 58 | 35 | 53 |

(A) 66

(B) 56

(C) 77

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**33.** दी गई शृंखला में समान पैटर्न का अनुसरण करते हुए लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :

15, 20, 32, 62, 118, 248, ?

(A) 428

(B) 322

(C) 368

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**34.** किसी कूट भाषा में यदि FASTER को 2229212319 लिखते हैं और MONK को 15161412 लिखते हैं, तो GUIDE को इस भाषा में कैसे लिखेंगे?

(A) 192019423

(B) 212219523

(C) 222119522

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**35.** एक आयत का क्षेत्रफल 30 वर्ग से० मी० है और परिमाप 26 से० मी० है। इसकी भुजाएँ (से० मी० में) हैं

(A) 10, 3

(B) 5, 6

(C) 2, 15

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**36.** एक दुकानदार किसी वस्तु पर 10% की छूट देता है जिसका अंकित मूल्य ₹ 400 है। यदि वह 10% जी० एस० टी० लेता है, तो उस वस्तु का अंतिम मूल्य क्या है?

(A) ₹ 380

(B) ₹ 400

(C) ₹ 396

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**37.** निम्नलिखित शब्दों को तार्किक और सार्थक क्रम में सजाइए :

1. उपराष्ट्रपति
2. राष्ट्रपति
3. अध्यक्ष
4. प्रधानमंत्री
5. सांसद

(A) 5, 1, 2, 3, 4

(B) 4, 2, 1, 3, 5

(C) 2, 1, 4, 3, 5

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**38.** रेशमा अपनी संपत्ति का एक-चौथाई एक धर्मार्थ संगठन को देती है और बची हुई संपत्ति को अपने तीन बच्चों में बराबर बाँटती है। प्रत्येक बच्चे को मिलने वाली संपत्ति का भाग है

(A) आधा

(B) एक-चौथाई

(C) दो-तिहाई

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**39.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(A) प्रत्येक वर्ग एक समचतुर्भुज होता है।

(B) प्रत्येक वर्ग एक आयत होता है।

(C) प्रत्येक समचतुर्भुज एक समांतरचतुर्भुज होता है।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**40.** कुछ सदस्यों के एक परिवार में $B$ कहता है कि $R$ मेरी बहन $A$ की पुत्री है, जो $T$ की इकलौती पुत्री है। $X$, $T$ और $Z$ की संतान है, जो $H$ की दादी/नानी है। $K$, $M$ की माँ है, जो $H$ की इकलौती बहन है। $X$ अविवाहित है। यदि $S$, $A$ की जीवनसाथी है, तो $K$ का $S$ से किस प्रकार का संबंध है?

(A) बहनोई/देवर/साला

(B) भाभी/ननद/साली

(C) बहनोई/देवर/साला की पत्नी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**41.** भारत में जिला स्तर पर उपभोक्ता विवाद निवारण के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(A) जिला फोरम उन शिकायतों पर विचार करता है जहाँ वस्तुओं या सेवाओं का मूल्य पचास लाख रुपए से अधिक नहीं होता है।

(B) राज्य सरकार यदि उचित समझे तो एक जिले में एक से अधिक जिला फोरम की स्थापना कर सकती है।

(C) जिला फोरम के सदस्यों में से एक महिला होगी।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**42.** एक पंचायत समिति किस स्तर पर एक पंचायती राज संरचना का संचालन करती है?

(A) ब्लॉक-स्तरीय निकाय

(B) जिला स्तर

(C) ग्राम पंचायत स्तर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** निम्नलिखित में से किसे समुदाय विकास के पहले कार्यक्रम के रूप में स्थापित किया गया था?

(A) सहयोग आन्दोलन

(B) राष्ट्रीय विस्तार सेवा

(C) एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**44.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 में लिखा हुआ 'कानून के समक्ष समानता' किस देश के संविधान से लिया गया है?

(A) फ्रांस

(B) ब्रिटेन

(C) यू० एस० ए०

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**45.** भारतीय संविधान को बनाने में कितना समय लगा?

(A) 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन

(B) 1 वर्ष 10 माह और 12 दिन

(C) 2 वर्ष 10 माह और 5 दिन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**46.** राज्य का मंत्रिपरिषद् सामूहिक तौर पर किसके प्रति उत्तरदायी है?

(A) विधान-सभा

(B) मुख्यमंत्री

(C) राज्यपाल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**47.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

73वें संशोधन के बाद विकेन्द्रीकरण किया गया

1. निर्णय लेने की शक्तियों का
2. पूर्ण व्यवस्था का
3. न्यायिक शक्तियों का
4. प्रशासनिक शक्तियों का

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(A) केवल 2, 3 और 4

(B) केवल 1, 2 और 3

(C) केवल 1, 2 और 4

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**48.** राज्य सभा में प्रतिनिधित्व में शामिल हैं

(A) भारत के राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत सदस्य

(B) नागरिकों द्वारा सीधे चुने गए सदस्य

(C) अप्रत्यक्ष रूप से नागरिकों द्वारा उनके प्रतिनिधियों के माध्यम से चुने गए सदस्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**49.** निम्नलिखित में से किसका संबंध भारत के सर्वोच्च न्यायालय से है?

(A) कॉलेजियम प्रणाली

(B) अपीलीय अधिकार क्षेत्र

(C) मूल अधिकार क्षेत्र

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**50.** 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत पंचायती राज संस्थाओं में चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम कितनी आयु होना आवश्यक है?

(A) 18 वर्ष

(B) 21 वर्ष

(C) 25 वर्ष

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**51.** वर्ष 2020–2022 के लिए सबसे कम महिला कार्यबल भागीदारी दर कितने प्रतिशत पर बिहार में दर्ज की गई?

(A) 7% ग्रामीण क्षेत्रों में और 9·1% शहरी क्षेत्रों में

(B) 4% ग्रामीण क्षेत्रों में और 6·5% शहरी क्षेत्रों में

(C) 6% ग्रामीण क्षेत्रों में और 8·1% शहरी क्षेत्रों में

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**52.** अधिकतम कर उद्योग किस जिले में हैं?

(A) किशनगंज

(B) दरभंगा

(C) पूर्णिया

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

**53.** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 24 नवम्बर, 2021 को प्रकाशित राष्ट्रीय परिवार सर्वेक्षण-5 के अनुसार, बिहार के लिंग अनुपात में काफी अच्छा सुधार हुआ है। यह 2015–2016 में ______ से बढ़कर 2020–2022 में ______ हो गया है।

(A) 1030, 1050

(B) 1062, 1090

(C) 1040, 1070

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**54.** बिहार आर्थिक सर्वेक्षण (2021–2022) के अनुसार, 2020–2021 में बिहार के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जी० एस० डी० पी०) की वृद्धि दर कितनी रही?

(A) 2·5%

(B) 3%

(C) 2%

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**55.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक बिहार की अर्थव्यवस्था के मामले में सही है?

(A) अर्थव्यवस्था का व्यावसायिक ढाँचा ऊपर से स्थिर है।

(B) भारत में सबसे कम विकास दर में से एक है जो 2·5% है।

(C) बिहार में अधिकतर प्राथमिक वस्तुओं का उत्पादन होता है।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**56.** एस० ई० जेड० अधिनियम, 2005 के उद्देश्य क्या हैं?

1. अतिरिक्त आर्थिक गतिविधियों का उत्पादन

2. वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा

3. रोजगार निर्माण

(A) केवल 1 और 3

(B) 1, 2 और 3

(C) केवल 2 और 3

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**57.** कृषि विपणन प्रणाली में सुधार के लिए भारत सरकार द्वारा अपनाया गया नीतिगत उपाय क्या है?

(A) सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी० डी० एस०)

(B) न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम० एस० पी०)

(C) बफर स्टॉक का रखरखाव

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**58.** किस समिति ने प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 को अधिनियमित करने का सुझाव दिया?

(A) विजय केलकर समिति

(B) रंगराजन समिति

(C) एस० वी० एस० राघवन समिति

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

59. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए :

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| a. धूसर क्रांति | 1. प्याज का उत्पादन |
| b. गुलाबी क्रांति | 2. टमाटर और मांस उत्पादन |
| c. रजत क्रांति | 3. अंडे का उत्पादन |
| d. लाल क्रांति | 4. उर्वरक (फर्टिलाइज़र) |

(A) a b c d
1 4 2 3

(B) a b c d
4 1 3 2

(C) a b c d
3 1 4 2

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

60. निम्नलिखित में से कौन-सी पंचवर्षीय योजना, मानव संसाधन विकास पर केन्द्रित थी?

(A) पंचम

(B) प्रथम

(C) तृतीय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

61. भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य ने अप्रैल से सितंबर 2022 के दौरान उच्चतम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ० डी० आइ०), इक्विटी के रूप में प्राप्त किया?

(A) गुजरात

(B) कर्नाटक

(C) त्रिपुरा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

62. किस बजट में वित्त मंत्री ने उदारीकृत विनिमय दर प्रबंधन प्रणाली की घोषणा की?

(A) यूनियन बजट, 1993–1994

(B) यूनियन बजट, 1991–1992

(C) यूनियन बजट, 1992–1993

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

63. पंचवर्षीय योजना के उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन-से थे?

1. विकास
2. आधुनिकीकरण
3. आत्मनिर्भरता
4. साहित्य

(A) केवल 1, 2 और 4

(B) केवल 1, 3 और 4

(C) केवल 2, 3 और 4

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

64. गरीबी रेखा को निर्धारित करने के लिए कौन-सा संगठन सर्वेक्षण करता है?

(A) आर० बी० आइ०

(B) एन० एस० एस० ओ०

(C) नीति आयोग

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

65. भारत का व्यापार संतुलन (माल और सेवाएँ) दिसंबर 2022 (अनंतिम) के लिए है

(A) (–) 11·98 अरब अमरीकी डॉलर

(B) (–) 10·50 अरब अमरीकी डॉलर

(C) (+) 11·98 अरब अमरीकी डॉलर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

66. नमक सत्याग्रह के दौरान बिहार के लोगों ने नमक बनाने के साथ-साथ सरकार के विरुद्ध किस कर का विरोध करने का विकल्प चुना?

(A) मलबा

(B) हाथी

(C) विकास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

67. श्री कृष्ण सिंह द्वारा गठित बिहार की निर्वाचित सरकार ने फरवरी 1938 में किस कारण से इस्तीफा दे दिया?

(A) गाँधीजी द्वारा ब्रिटिश के विरुद्ध सत्याग्रह आंदोलन के कारण

(B) भारत की आजादी के आंदोलन में भाग लेने के कारण

(C) राजनीतिक कैदियों को छोड़ने के कारण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

68. किसने चंपारण सत्याग्रह के दौरान बिहार में गाँधीजी की जान बचाई थी?

(A) रवीन्द्र पाठक

(B) बतक मियाँ

(C) हामिद अंसारी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

69. असहयोग आंदोलन के दौरान किसने बिहार में किसानों की अगुवाई की?

(A) श्री कृष्ण सिंह

(B) स्वामी विद्यानंद

(C) राज कुमार शुक्ल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

70. प्रथम बार संघर्ष के तरीकों के रूप में स्वदेशी एवं बहिष्कार किसके दौरान अपनाए गए थे?

(A) होम रूल आंदोलन

(B) साइमन कमीशन के भारत आगमन

(C) बंगाल विभाजन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

71. 1906 में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस (आइ० एन० सी०) के कलकत्ता अधिवेशन में भारत के लिए स्वराज का झण्डा किसके द्वारा फहराया गया था?

(A) जी० के० गोखले

(B) ए० ओ० ह्यूम

(C) दादाभाई नौरोजी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीय राज्यों (कश्मीर, निज़ाम के हैदराबाद, त्रावणकोर आदि जैसे भारतीय शासकों द्वारा शासित राज्यों) में एक समानांतर आंदोलन शुरू किया गया था। उसका नाम था

(A) स्वराज आंदोलन

(B) राज्य जन आंदोलन

(C) प्रजा मण्डल आंदोलन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

73. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(A) वर्ष 1921 में महात्मा गाँधी को गिरफ्तार कर लिया गया था।

(B) चौरी-चौरा कांड के कारण गाँधीजी ने असहयोग आंदोलन से हाथ खींच लिया था।

(C) गाँधीजी ने अपना पहला प्रमुख सार्वजनिक भाषण बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में दिया था।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

304938

**74.** अबुल कलाम आज़ाद के द्वारा किस पत्रिका को संपादित किया गया था?

(A) *जमींदार*

(B) *द कॉमरेड*

(C) *अल-हिलाल*

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**75.** 19वीं शताब्दी के अंत में इतिहास के अध्ययन ने भारत में राष्ट्रीयता की भावना पैदा करने में किस प्रकार मदद की?

(A) ब्रिटिश शासन के तहत दयनीय स्थितियों को बदलने और संघर्ष करने के लिए लोगों से आग्रह करके

(B) इतिहास की पुनर्व्याख्या करके और अंग्रेजों द्वारा भारतीयों को पिछड़ा, आदिम और खुद पर शासन करने में असमर्थ के रूप में चित्रित करने का खंडन करके

(C) भारत के गौरवशाली अतीत के बारे में लिखकर और लोगों से उनकी उपलब्धियों पर गर्व करने का आग्रह करके

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**76.** नगरों में असहयोग आंदोलन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही **नहीं** हैं?

1. आंदोलन में केवल उच्च जातियों और अमीरों ने भाग लिया।
2. मद्रास की जस्टिस पार्टी द्वारा भी काउंसिल के चुनावों का बहिष्कार किया गया।
3. हजारों छात्रों ने सरकारी नियंत्रण वाले स्कूलों को छोड़ दिया, प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों ने इस्तीफा दे दिया और वकीलों ने अपनी प्रैक्टिस छोड़ दी।

(A) केवल 1 और 2

(B) केवल 1 और 3

(C) केवल 2 और 3

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**77.** "एक संन्यासी जो फिजी में एक गिरमिटिया मजदूर के रूप में काम करने के बाद उस जिले में अपनी पीठ पर तुलसीदास *रामायण* की एक प्रति लेकर आया था, जिससे वह ग्रामीण श्रोताओं को छंद सुनाता था।" यहाँ जिस किसान नेता का जिक्र है, वह है

(A) बाबा राम चन्द्र

(B) झींगुरी सिंह

(C) यदुनन्दन शर्मा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**78.** ऑल इंडिया हरिजन संघ की स्थापना 1932 में किसके द्वारा की गई थी?

(A) डॉ० बी० आर० अम्बेडकर

(B) जगजीवन राम

(C) महात्मा गाँधी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**79.** 20 फरवरी, 1947 को प्रधानमंत्री एटली ने भारत से ब्रिटिश शासन को कब तक वापस लेने की घोषणा की थी?

(A) जून 1948

(B) अगस्त 1947

(C) जनवरी 1948

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**80.** स्वराज दल की स्थापना बिहार में किसने की थी?

(A) बंकिम चंद्र मित्र

(B) श्री कृष्ण सिंह

(C) रामलाल शाह

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**81.** इनमें से किसने हुमायूँ को यह प्रस्ताव दिया था कि यदि उसे बंगाल पर अधिकार करने दिया गया तो वह बिहार को समर्पित कर देगा और 10 लाख दीनार की वार्षिक श्रद्धांजलि अर्पित करेगा?

(A) बहादुर शाह

(B) शेर खान

(C) बैरम खान

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**82.** विक्रमशिला विश्वविद्यालय किनके द्वारा स्थापित किया गया था?

(A) गोपाल

(B) धर्मपाल

(C) देवपाल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

83. इनमें से बिहार के प्रथम राज्यपाल कौन थे?

(A) सर मौरिस गार्नियर हैलेट

(B) सर जेम्स डेविड सिफ्टन

(C) सर ह्यूग डौ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**84.** *महात्मा गाँधी ऐंड बिहार, सम रेमिनिसन्सेस* के लेखक कौन थे?

(A) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

(B) जे० पी० नारायण

(C) कर्पूरी ठाकुर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**85.** बिहार का सबसे पुराना गिरजाघर कौन-सा है?

(A) पादरी की हवेली

(B) ल्यूक चर्च

(C) स्टीफेन चर्च

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**86.** दिवंगत अभिनेता कुमुदलाल गांगुली, जिन्हें उनके मंचीय नाम अशोक कुमार से भी जाना जाता है, का जन्म बिहार के निम्नलिखित में से किस शहर में हुआ था?

(A) पटना

(B) मुंगेर

(C) भागलपुर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**87.** प्राचीन काल में गंगा के दक्षिण क्षेत्र को क्या कहा जाता था?

(A) अनर्त

(B) तक्षशिला

(C) चोल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**88.** भारतीय उपमहाद्वीप में लोहे का प्रयोग कब शुरू हुआ?

(A) प्रायः 9000 वर्ष पूर्व

(B) प्रायः 12000 वर्ष पूर्व

(C) प्रायः 6000 वर्ष पूर्व

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**89.** दूसरी शताब्दी के आसपास रचित संस्कृत के शिलालेख के अनुसार, सुदर्शन झील, एक कृत्रिम जलाशय, की मरम्मत किसने की थी?

(A) हर्ष

(B) कनिष्क

(C) रुद्रदमन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**90.** झाँसी के पास देवगढ़ का मंदिर और इलाहाबाद के पास गढ़वा मंदिर में बनी मूर्तियाँ किस कला के महत्त्वपूर्ण अवशेष हैं?

(A) मौर्य कला

(B) गुप्त कला

(C) राष्ट्रकूट कला

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**91.** निम्नलिखित में से किस युद्ध में मुख्य विरोधियों का सही उल्लेख **नहीं** किया गया है?

(A) हल्दीघाटी का युद्ध—महाराणा प्रताप और अकबर

(B) पानीपत का प्रथम युद्ध—बाबर और इब्राहिम लोदी

(C) पानीपत का द्वितीय युद्ध—टीपू सुल्तान और मराठा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**92.** दिल्ली सल्तनत के दौरान 'मुकद्दम या चौधरी' पद का इस्तेमाल किनके लिए किया जाता था?

(A) गाँव के सरपंच

(B) राजस्व अधिकारी

(C) गाँव के लेखाकार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**93.** *तबक़ात-ए-अकबरी*, जिसे कभी-कभी अबुल फ़ज़ल के *अकबरनामा* से अधिक विश्वसनीय माना जाता है, किसके द्वारा लिखा गया था?

(A) गुलबदन बेगम

(B) निज़ामुद्दीन अहमद

(C) अब्दुल हामिद लाहौरी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**94.** इनमें से किस प्रसिद्ध शासक ने अपनी माता के नाम पर विजयनगर के पास नागालपुरम की एक उपनगरीय बस्ती की स्थापना की थी?

(A) कृष्णदेवराय

(B) हरिहर

(C) बुक्का

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**95.** 1940 में, पटना महिला महाविद्यालय की स्थापना निम्नलिखित में से किस समाज द्वारा की गई थी?

(A) सिस्टर्स ऑफ द एपोस्टोलिक कार्मेल

(B) सोसायटी ऑफ जिसस

(C) आयरिश क्रिश्चियन ब्रदर्स

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**96.** इनमें से किसने 1947 में भारत और पाकिस्तान के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमाएँ खींचने के लिए स्थापित की गई दो सीमा आयोगों का नेतृत्व किया था?

(A) सिरिल रेडक्लिफ़

(B) ए० पी० मून

(C) ए० वी० अलेक्जेंडर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**97.** किसने बंगाल में महालवारी बंदोबस्त प्रणाली की शुरुआत की?

(A) लॉर्ड हेस्टिंग्स

(B) लॉर्ड कॉर्नवालिस

(C) होल्ट मैकेंजी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**98.** 1940 में विनोबा भावे ने व्यक्तिगत सत्याग्रह कहाँ से आरंभ किया?

(A) पुन्नपरा-वायलार, केरल

(B) खेड़ा जिले में नडियाद, गुजरात

(C) पवनार, महाराष्ट्र

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**99.** 1918 में मोंटफोर्ड सुधारों पर काँग्रेस ने एक महत्त्वपूर्ण रुख अपनाया, जिसके कारण पुराने उदारवादी अवशेष (सप्रू, जयकर और चिंतामणि) टूट गए, जिन्होंने गठन किया

(A) इंडियन नैशनल लिबरल फेडरेशन का

(B) भारत सेवक समाज का

(C) स्वराज पार्टी का

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**100.** कैबिनेट मिशन निम्नलिखित में से किसके लिए भारत भेजा गया था?

1. एक राष्ट्रीय सरकार की स्थापना के लिए
2. सत्ता के हस्तांतरण के लिए एक संवैधानिक व्यवस्था तैयार करने के लिए
3. पाकिस्तान के लिए जिन्ना की माँग के ब्यौरों पर काम करने के लिए

(A) केवल 3

(B) केवल 1

(C) केवल 2

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**101.** पहला 'तैरता हुआ सौर ऊर्जा संयंत्र' बिहार में किस स्थान पर बनाया गया है?

(A) कदीराबाद, दरभंगा

(B) दिलबरपुर, दरभंगा

(C) जमालपुर, दरभंगा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**102.** वर्ष 2019–2020 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, किस जिले की प्रति व्यक्ति आय सबसे कम है?

(A) सीतामढ़ी

(B) शिवहर

(C) अररिया

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**103.** वर्ष 2020–2021 के लिए नीति आयोग एस० डी० जी० रिपोर्ट के अनुसार, बिहार राज्य का स्कोर कितना रहा?

(A) 100 में से 52

(B) 100 में से 22

(C) 100 में से 35

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**104.** खेलो इंडिया महिला टूर्नामेंट में पहली बार किस खेल को शामिल किया गया है?

(A) तीरंदाजी

(B) क्रिकेट

(C) ट्रैक सायक्लिंग

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**105.** निम्नलिखित में से किसे अगस्त 2022 में भौगोलिक संकेतक (जी० आइ०) टैग से सम्मानित किया गया है?

(A) मिथिला मखाना

(B) बिहार का एप्लिक (खतवा) वर्क

(C) बिहार के सिक्की घास उत्पाद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**106.** निम्नलिखित में से किसे वर्ष 2022 में यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में जोड़ा गया है?

(A) नालंदा में नालंदा महाविहार का पुरातात्विक स्थल

(B) लंगट सिंह कॉलेज में खगोलीय वेधशाला

(C) बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर परिसर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

107. बिजनेस रिफॉर्म्स ऐक्शन प्लान (बी० आर० ए० पी०) द्वारा वर्ष 2020 में व्यापार करने में आसानी में बिहार ने 36 राज्यों में ______ रैंक हासिल की।

(A) 25वीं

(B) 23वीं

(C) 24वीं

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

108. 28 नवंबर, 2022 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा गंगा जल आपूर्ति योजना का उद्घाटन किस स्थान पर किया गया था?

(A) बोधगया

(B) लखीसराय

(C) राजगीर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

109. निम्नलिखित में से किस एसोसिएशन/बोर्ड ने अक्तूबर 2022 में पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए समान वेतन की घोषणा की?

(A) गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन

(B) बिहार क्रिकेट एसोसिएशन

(C) भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

110. पिछले दस वर्षों में राज्य का शहरीकरण बहुत तेजी से बढ़ा है। 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार में शहरीकरण का स्तर ______ प्रतिशत था, जो बढ़कर वर्तमान में ______ प्रतिशत हुआ है।

(A) 14·4, 15·5

(B) 11·3, 15·3

(C) 12·2, 13·1

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

111. निम्नलिखित में से किस केन्द्रीय मंत्रालय ने हाल ही में 2022 में युवा 2.0 योजना का शुभारंभ किया?

(A) आयुष मंत्रालय

(B) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

(C) शिक्षा मंत्रालय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

112. गृह मंत्रालय ने नवंबर 2022 को देश की कितनी भाषाओं की फील्ड वीडियोग्राफी के साथ भारतीय मातृभाषा सर्वेक्षण (एम० टी० एस० आइ०) कार्य को पूरा किया है?

(A) 576

(B) 40

(C) 233

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

113. निम्नलिखित में से किस समिति ने 1 जनवरी, 2026 से पूर्ण मूल्य निर्धारण स्वतंत्रता की सिफारिश करते हुए गैस मूल्य निर्धारण पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है?

(A) पी० के० मोहंती समिति

(B) अरुण गोयल समिति

(C) किरीट पारिख समिति

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

114. निम्नलिखित में से किस शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण, 2022 के अनुसार पाँच सितारा कचरा-मुक्त शहर रैंक से सम्मानित **नहीं** किया गया था?

(A) नवी मुंबई

(B) सूरत

(C) भोपाल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**115.** प्रधानमंत्री ने निम्नलिखित में से किस स्थान पर पहला ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा 'डोनी पोलो हवाई अड्डे' का उद्घाटन किया?

(A) डिब्रूगढ़

(B) ढोलका

(C) ईटानगर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**116.** किस जानवर को नवंबर 2022 में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफ० एस० एस० ए० आइ०) द्वारा एक खाद्य पशु के रूप में अनुमोदित किया गया है?

(A) हिमालयी तहर

(B) हिमालयी याक

(C) माउंटेन बकरी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**117.** भारत का पहला फ्लोटिंग वित्तीय साक्षरता शिविर हाल ही में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा निम्नलिखित में से किस स्थान पर आयोजित किया गया था?

(A) केरल

(B) श्रीनगर

(C) अंडमान द्वीप समूह

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**118.** भारत के राष्ट्रपति ने निम्नलिखित में से किस आइ० आइ० टी० में 'परम कामरूप' सुपरकंप्यूटर सुविधा का उद्घाटन किया?

(A) गुवाहाटी

(B) खड़गपुर

(C) बंबई

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**119.** 8 अक्तूबर, 2022 को मनाए गए 90वें भारतीय वायु सेना दिवस पर अस्सी वायुयानों के घंटेभर का हवाई प्रदर्शन निम्नलिखित में से किस स्थान पर आयोजित किया गया था?

(A) सुखना झील, चंडीगढ़

(B) गेटवे ऑफ इंडिया, मुंबई

(C) डल झील, जम्मू और कश्मीर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**120.** भारत सरकार के पोषण अभियान के तहत वर्ष के किस महीने को राष्ट्रीय पोषण माह या नैशनल न्यूट्रिशन मंथ के रूप में मनाया जाता है?

(A) जुलाई

(B) मई

(C) सितंबर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

121. चीन के तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के हाल ही में लॉन्च किए गए अंतिम मॉड्यूल का नाम क्या है?

(A) मेंगटियन

(B) तियान्हे

(C) वेंटियन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

122. निम्नलिखित में से कौन-सा विश्व का सबसे बड़ा ज्वालामुखी है, जो पिछले 38 वर्षों में पहली बार फूटा था?

(A) हलेअकाला

(B) माउंट सेंट हेलेंस

(C) मौना लोआ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

123. इनमें से किसे हाल ही में उनके उपन्यास, द *सेवन मून्स ऑफ माली अल्मेडा* के लिए 2022 का बुकर पुरस्कार मिला?

(A) शेहान करुणातिलक

(B) माइकल ओंडाटजे

(C) प्रदीप मैथ्यू

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

124. विश्व अंतरिक्ष सप्ताह, 2022 की थीम क्या थी?

(A) अंतरिक्ष और निरंतरता

(B) अंतरिक्ष में औरतें

(C) उपग्रह जीवन को बेहतर बनाते हैं

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

125. निम्नलिखित में से किस लैबोरेटरी ने दिसंबर 2022 में एक ऐतिहासिक नाभिकीय संलयन सफलता का दावा किया था?

(A) लॉस अलामोस नैशनल लैबोरेटरी

(B) लॉरेंस लिवरमोर नैशनल लैबोरेटरी

(C) ओक रिज नैशनल लैबोरेटरी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

126. कोलिन्स डिक्शनरी का वर्ड ऑफ द इयर 2022 निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(A) Lawfare

(B) Permacrisis

(C) Carolean

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

127. निम्नलिखित में से किस देश ने सेनेगल के साथ मिलकर COP27 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय सूखा लचीलापन गठबंधन का शुभारंभ किया?

(A) स्पेन

(B) इटली

(C) जर्मनी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

128. भारत में पहली बार किस देश के दूतावास ने 'निहोन्शु' के लिए जी० आइ० टैग के लिए आवेदन किया था?

(A) दक्षिण कोरिया

(B) चीन

(C) जापान

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

129. निम्नलिखित में से किस अंतरिक्ष एजेंसी ने यह घोषणा की कि उसने अपने EQUULEUS अंतरिक्ष यान को आगे बढ़ाने के लिए भाप का सफलतापूर्वक उपयोग किया है?

(A) जाक्सा (JAXA)

(B) नासा (NASA)

(C) सुपारको (SUPARCO)

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

130. अक्तूबर 2022 में लॉन्च किए गए टेस्ला ह्यूमनॉइड रोबोट का क्या नाम है?

(A) पेपर

(B) ऑप्टिमस

(C) ऐटलस

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

131. भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य की सीमा बिहार में अधिकतम जिलों से लगती है?

(A) पश्चिम बंगाल

(B) उत्तर प्रदेश

(C) झारखंड

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

132. निम्नलिखित में से कौन-सा भागलपुर से मिर्जा चेउकी की ओर रेलमार्ग में बिहार का अंतिम रेलवे स्टेशन है?

(A) कहलगाँव रेलवे स्टेशन

(B) पीरपंती रेलवे स्टेशन

(C) अम्मापाली रेलवे स्टेशन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

133. बिहार में खनिज उत्पादन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. रोहतास में पायराइट का सर्वाधिक भंडार है।

2. चूना-पत्थर कैमूर (भभुआ), मुंगेर एवं रोहतास जिलों में पाया जाता है।

3. जमुई जिले में सोने के भंडार पाए जाते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1 और 3

(B) केवल 3

(C) केवल 1 और 2

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**134.** बिहार में बहने वाली पवित्र नदी फल्गू निम्नलिखित में से किन नदियों के संगम से बनती है?

(A) मोहाना और लीलाजन नदी

(B) लीलाजन और सोन नदी

(C) सोन और मोहाना नदी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**135.** बिहार में निम्नलिखित में से किस स्थान पर पहली बार चाय बागानों की स्थापना की गई?

(A) सुपौल

(B) ठाकुरगंज

(C) बहादुरगंज

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**136.** बिहार के निम्नलिखित जिलों का आरोही दशकीय जनसंख्या वृद्धि (2001–2011) के अनुसार सही क्रम चुनिए।

(A) किशनगंज < मधेपुरा < सीवान

(B) सीवान < किशनगंज < मधेपुरा

(C) मधेपुरा < किशनगंज < सीवान

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**137.** बिहार में कृषि-आधारित उद्योगों में किस खाद्य उद्योग का प्रभुत्व है?

(A) गन्ना उद्योग

(B) अनाज-आधारित उद्योग

(C) दाल उद्योग

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**138.** अटॉक में अपनी पहाड़ी यात्रा के अंत में सिंधु नदी अफगानिस्तान की किस नदी से जुड़ती है?

(A) हेलमंद नदी

(B) अमु दरिया

(C) काबुल नदी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**139.** निम्नलिखित में से कौन-सा विश्व में सुप्रचारित वन्यजीव अभियान है, जिसे 1973 में शुरू किया गया था?

(A) सुंदरबन परियोजना

(B) प्रोजेक्ट टाइगर

(C) लायन प्रोजेक्ट

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**140.** क्षोभमंडल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

(A) इसकी औसत ऊँचाई 13 कि० मी० है।

(B) यह वायुमंडल की सबसे ऊपरी परत है।

(C) इस परत का तापमान ऊँचाई के साथ बढ़ता है।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**141.** पैंजिया से टूटे हुए दक्षिणी महाद्वीप को क्या कहते हैं?

(A) प्रशांत महासागर

(B) लॉरेशिया

(C) गोंडवानालैंड

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**142.** आर्कटिक क्षेत्र और अंटार्कटिका महाद्वीप किसके निकट स्थित हैं?

(A) अमेज़न बेसिन

(B) सहारा रेगिस्तान

(C) उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**143.** म्यांमार के साथ भारत के किन राज्यों की सीमाएँ मिलती हैं?

(A) मणिपुर, मिज़ोरम, नागालैंड, त्रिपुरा

(B) अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिज़ोरम

(C) अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मिज़ोरम

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**144.** निम्नलिखित में से कौन-सा समुद्री जैव विविधता के दृष्टिकोण से दुनिया का सबसे समृद्ध क्षेत्र है, जिसमें ज्वारनदमुख, समुद्र तट, निकटवर्ती पर्यावरण के जंगल, समुद्री घास, प्रवाल भित्तियाँ, नमक दलदल और मैंग्रोव के साथ 21 द्वीप शामिल हैं?

(A) सुंदरबन बायोस्फीयर रिजर्व

(B) मन्नार खाड़ी बायोस्फीयर रिजर्व

(C) नंदा देवी बायोस्फीयर रिजर्व

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**145.** कोपेन की वर्गीकरण योजना के अनुसार उत्तर प्रदेश और बिहार किस प्रकार के जलवायु प्रदेश में आते हैं?

(A) Dfc

(B) Cwg

(C) Aw

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**146.** भारत की क्षेत्रीय सीमा, तट से कितने समुद्री मील/कि० मी० तक समुद्र की ओर फैली हुई है?

(A) 10 समुद्री मील (लगभग 19·9 कि० मी०)

(B) 16 समुद्री मील (लगभग 25·9 कि० मी०)

(C) 12 समुद्री मील (लगभग 21·9 कि० मी०)

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**147.** भारत में निम्नलिखित में से कौन-सी नदी घाटी कोयले के भण्डारों से समृद्ध है?

(A) महानदी नदी घाटी

(B) दामोदर नदी घाटी

(C) सोन नदी घाटी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**148.** भारत में चीनी उद्योग के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(A) उत्तर प्रदेश चीनी का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।

(B) यह वजन कम करने वाला उद्योग है।

(C) महाराष्ट्र देश में अग्रणी चीनी उत्पादक के रूप में उभरा है।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**149.** ग्रीष्म के अंत में पूर्व-मानसून वर्षा होती है जो केरल और कर्नाटक के तटीय क्षेत्रों में एक सामान्य घटना है। इसे स्थानीय रूप से किस नाम से जाना जाता है?

(A) मैंगो शावर्स

(B) ब्लॉसम शावर्स

(C) नॉरवेस्टर्स

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**150.** वातावरण मुख्य रूप से किसके द्वारा गर्म होता है?

(A) दीर्घ-तरंग स्थलीय विकिरण

(B) लघु-तरंग सौर विकिरण

(C) परावर्तित सौर विकिरण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं